**भूमिपूजन** — सड़कें सिर्फ आवागमन का साधन ही नहीं बल्कि प्रगति के द्वार खोल रहीं हैं : राकेश सिंह

# मझौली के कई ग्रामों को मिली 14.5 करोड़ की सौगात



**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को मझौली जनपद के कई ग्रामों में लगभग 14.5 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 1.70 करोड़ की लागत से 2.1 किलोमीटर लंबी सिमरिया से बरगवां मार्ग, 5.56 करोड़ की लागत से लगभग 5 किलोमीटर लंबी घानाकला से मुरैठ मार्ग, 1 करोड़ की लागत से भीटाखुर्द से लमकना मार्ग और 1.70 करोड़ की लागत से सर्रा से सुरैया तथा 4.54 करोड़ की लागत से लमकना से पटोरी वाया सगोनी मार्ग शामिल है।

सिमरिया, लमकना और पटोरी में आयोजित सभा के दौरान मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन से तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और इसी विकास आधारित सोच के कारण ही 2 साल में पाटन विधानसभा में 325 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जबकि इतनी बड़ी राशि पहले कभी स्वीकृत नहीं की गई थी। अब सड़कें सिर्फ आवागमन का साधन ही नहीं बल्कि प्रगति के द्वार खोल रहीं हैं।

### सांसद-विधायक ने भी दिए उद्बोधन

इस दौरान सांसद आशीष दुबे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासवादी सोच को जनता के समक्ष रखा और कहा कि सही जनप्रतिनिधि चुनने से विकास के कार्य तेजी से होते हैं और पिछड़ापन दूर होता है। वहीं क्षेत्रीय विधायक श्री अजय विश्नोई ने कहा कि अब गांव-गांव में सभी आवश्यक सुविधाएं है, गांव-गांव पक्की सड़कें बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, अभय सिंह, सुभाष तिवारी रानू, सहित अन्य स्थानीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## डीपीसी कराकर दो पदोन्नति का लाभ

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया है कि डीपीसी आयोजित करवाकर प्रमोशन का लाभ प्रदान करें। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इसके लिए तीन माह की मोहलत दी है। यह मामला भोपाल निवासी पूनमचंद की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा एवं अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता वर्तमान में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत है। याचिकाकर्ता कार्यपालन अभियंता के पद पर प्रमोशन के लिए पात्र है, लेकिन विभाग द्वारा डीपीसी आयोजित नहीं कराई जा रही है। विभाग ने यह दलील दी है कि प्रमोशन के मामले सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए डीपीसी नहीं कराई गई। अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि पूर्व में समान प्रकरणों में डीपीसी आयोजित कराने और पात्र अधिकारियों को पदोन्नति देने के आदेश दिये हैं।



## कलेक्टर-निगमायुक्त ने 6 घंटे तक किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यो को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लगातार 6 घंटे तक शहर के विभिन्न हिस्सों का सघन दौरा किया और चल रहे विकास कार्यों की बारीकी से जानकारी ली। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सुबह 9 बजे से शहर के महत्वपूर्ण केंद्रों जैसे गीता भवन, मानस भवन, विजय नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क, भँवरताल पार्क और कल्चरल स्ट्रीट का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल अद्योसंरचना के कार्यों को देखा, बल्कि सिटी ब्यूटीफिकेशन के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। इसके साथ भंवरताल पार्क में संचालित फाउंटेन एवं अन्य साज-सज्जा तथा व्यवस्थित नागरिक सुविधाओं देखकर भी निगमायुक्त ने प्रशंसा की। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने इंजीनियरों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माणाधीन कार्य उच्चतम गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, । निरीक्षण के मौके पर अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री सुनील दुबे, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन आदि उपस्थित रहे।

## रांझी गुरुद्वारा में मनाया वीर बाल दिवस व साहिबज़ादा दिवस



**नवभारत, जबलपुर।** रांझी स्थित गुरुद्वारा साहिब में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस एवं साहिबज़ादा दिवस का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पाठ एवं गुरु के लंगर से हुई। शाम 5 बजे सिमरन रैली गुरुद्वारा से निकलकर रावण पार्क तक संपन्न हुई। शाम 7 बजे कथावाचक गुरमीत सिंह ने छोटे साहिबज़ादों के बलिदान और इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रांझी गुरुद्वारा कमेटी ने केंट विधायक अशोक रोहानी से स्कूली पाठ्यक्रम में साहिबज़ादों के इतिहास को शामिल करने का प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम में विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया। आयोजन में रांझी प्रधान अजित सिंह टीटू, सतपाल सिंह संधू, जगजीत सिंह दुआ, विधायक अशोक रोहाणी, कमलेश अग्रवाल, राजेश मिश्रा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर आशीर्वाद लिया।

## धान विक्रय के स्लॉट बढ़े किसानों की परेशानी हुई कम



**नवभारत, जबलपुर।** राज्य शासन ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के प्रस्ताव पर सौ क्विंटल से अधिक धान बेचने वाले किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग सीमा चार से बढ़ाकर छह कर दी है। इससे बड़े किसानों को अपनी उपज बेचने में लंबा इंतजार करना नहीं पड़ेगा।जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि पहले प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर बड़े किसानों के लिए केवल चार स्लॉट उपलब्ध थे, जिससे किसानों को कई दिनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। इस कठिनाई को देखते हुए कलेक्टर ने आयुक्त, नागरिक आपूर्ति, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण को सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा, जिसे राज्य शासन ने मंजूर कर लिया। ई-उपार्जन पोर्टल पर अब नए नियम के तहत स्लॉट बुकिंग शुरू हो गई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले के 55,091 पंजीकृत किसानों में से 46,105 ने अब तक स्लॉट बुक किए हैं। स्लॉट 9 जनवरी तक खुले रहेंगे।

## मझौली क्षेत्र में यातायात दबाव, रहता है दुर्घटना का भय

**नवभारत, मझौली।** कस्बे के मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर हर घंटे जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि जहाँ नियमों के अनुसार दुकानों की चौड़ाई मात्र दस फीट स्वीकृत है, वहीं दुकानदारों द्वारा सड़क पर कब्जा कर उसे बीस फीट तक घेर लिया गया है।



सड़क पर अतिक्रमण के चलते पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक परेशान हैं। जाम के दौरान एंबुलेंस और दमकल जैसे आपातकालीन वाहनों का निकलना भी चुनौती बन चुका है। इसके बावजूद नगर परिषद मझौली पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बाद भी न तो अतिक्रमण हटाया जा रहा है और न ही ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सवाल यह उठता है कि क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है? यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मझौली की यातायात समस्या गंभीर संकट का रूप ले सकती है।



## डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

➢पढ़ाई पर शिक्षकों का हो विशेष ध्यान: डीईओ

➢ पनागर क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल सूरतलाई का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत, पनागर।** शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए तथा सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए जबलपुर जिले मे शिक्षा विभाग के द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे है। इसी क्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा पनागर क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल सूरतलाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय हाई स्कूल मे बच्चें व्यवस्थित रूप से पढ़ाई करते पाए गये, कक्षाओं मे बच्चों का पाठयक्रम पूर्ण हो गया है तथा बच्चें परीक्षा की तैयारी हेतु रिवीजन कर रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से एक एक करके बात की, उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बच्चों की पढ़ाई के साथ किसी भी प्रकार की ढील बर्दाश्त नहीं होंगी। यह समय पढ़ाई का है, सभी बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना आवश्यक है। प्रत्येक बच्चें पर हर शिक्षक की नजर होनी चाहिए, हर शिक्षक को प्रत्येक बच्चों की प्रगति के बारे मे जानकारी से अध्यतन होना चाहिए।

## मुख्यमंत्री से नहीं मिला स्पष्ट ठोस आश्वासन



**सिहोरा।** लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से हुई चर्चा में सिहोरा को जिला बनाए जाने को लेकर कोई तत्काल और ठोस आश्वासन नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पुनः दोहराया कि मध्य प्रदेश में वर्तमान जिलों में व्याप्त जनसंख्या असंतुलन एवं क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने जिला एवं संभाग पुनर्गठन आयोग का गठन किया है। आयोग की रिपोर्ट लगभग एक वर्ष बाद आने की संभावना है, जिसके पश्चात ही नए जिलों और संभागों के गठन पर निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा प्रस्तुत सिहोरा जिले के दावे को पुनर्गठन आयोग को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आयोग की रिपोर्ट आने के बाद सिहोरा को जिला बनाए जाने के प्रस्ताव का परीक्षण कर उचित एवं न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक संतोष बरकड़े के मोबाइल फोन से सिहोरा में आमरण/अन्न सत्याग्रह कर रहे प्रमोद साहू से भी प्रत्यक्ष बातचीत की। इस अवसर पर विधायक संतोष बरकड़े, पूर्व विधायक दिलीप दुबे सहित लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग सिहोरा की कार्यवाही



**सिहोरा।** शुक्रवार को आबकारी दल ने सिकरी, मरहा एवं सिहोरा थानांतर्गत नया मोहल्ला में अलग अलग स्थानों पर दबिश दी गई जहां पर कुल 15 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं लगभग 450 ग्रद्द महुआ लाहन बरामद कर महुआ लाहन का सेम्पल लेकर मौके पर नष्ट किया गया और प्रकरण दर्ज किए गये। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी, मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी एवं आरक्षक सुरेंद्र जायसवाल, संतलाल मरावी, अशोक सिंह बघेल, अमिता केशरवानी, फूल सिंह ऐंटिआ एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।




## जबलपुर में 30 को राकेश बेदी का कॉमेडी धमाका

**नवभारत, जबलपुर।** मशहूर अभिनेता राकेश बेदी 30 दिसंबर को जबलपुर आ रहे हैं, जहां वे अपने चर्चित कॉमेडी प्ले 'मसाज' का मंचन करेंगे। यह आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशनल एंड कल्चरल ऑडिटोरियम में होगा। चौरे सिनेमा कम्पनी और मेगा माइंड्स द्वारा आयोजित इस शो में बेदी एक साथ 24 किरदार निभाकर दर्शकों को गुदगुदाएंगे। पीवीआर में आयोजित प्रेस वार्ता में अभिनेता राकेश बेदी और फिल्म राइटर-डायरेक्टर सचिन्द्र शर्मा ने नाटक के बारे में जानकारी दी। श्री बेदी ने 'मसाज' को अपने दिल के बेहद करीब बताते हुए कहा कि यह नाटक हास्य के साथ सामाजिक व्यंग्य भी पेश करता है। करीब 90 मिनट का यह वन-मैन शो प्रसिद्ध नाटककार विजय तेंदुलकर द्वारा लिखा गया है, जिसे राकेश बेदी पिछले 23 वर्षों से देश-विदेश में मंचित कर रहे हैं। इस अवसर पर चौरे सिनेमा के जितेंद्र चौरे, मेगा माइंड्स के महेश झरिया, गौरव सी. वी सैलून से चिन्नी-विन्नी और आकर्षण किड्स स्कूल की मंजूषा श्रीवास्तव मौजूद रहीं। गौरतलब है कि राकेश बेदी 150 से अधिक फिल्मों और कई लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में अपनी कॉमिक अदाकारी से पहचान बना चुके हैं।

### मनुष्य को अपने कर्मों के प्रति सचेत रहना चाहिए: त्रिपाठी

**नवभारत सिहोरा।** स्थानीय बाबाताल स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी ने विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का वर्णन कर उपस्थित जनसमूह को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।वृत्तासुर के चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वृत्तासुर ने अपनी शक्ति से देवलोक में खलबली मचा दी थी और अंततः धर्म की स्थापना के लिए उसका वध अनिवार्य हुआ।

### नशे के विरोध पर युवा कांग्रेस ने सौपा ज्ञापन

नवभारत, सिहोरा। युवा कांग्रेस सिहोरा के तत्वावधान में स्मेक गांजा के नशे के विरोध में सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी महोदय को ज्ञापन सोपा गया । इस दौरान युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सोयल मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष युवा कांग्रेस राम जी कुर्मी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राहुल पांडे, पवन सोनी मोहित कुर्मी जी कार्तिक मलिक जी आयुष माना, राम कुमार पटेल ज गौरव मिश्रा देवम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### राजू साहू का निधन



**नवभारत, बेलखाडू।** बेलखाडू पुलिस चौकी के सामने निवासी राजू साहू 45 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे विनोद साहू, जितेंद्र साहू के अनुज व आस्था, आर्यन साहू के पिता रहे। अंतिम संस्कार बेलखाडू में संपन्न हुआ।

### भानु सैनी अभा उपभोक्ता संगठन में प्रदेश सचिव बने



**जबलपुर।** भानु सैनी को अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन का प्रदेश सचिव बनाया गया हैं । स्मरणरा रहे कि भानु सैनी को पूर्व में जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था ,इसके साथ ही साथ संगठन के नियमों का पालन करते सामाजिक हित और समाज के अच्छे कार्यों को देखते हुए, प्रदेश सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। ,इनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष ,संदीप सूरी ,जानकी विश्वकर्मा ,अर्पिता उपाध्याय, जितेंद्र सैनी ,सुनील सैनी,आनंद कोशिक,दीपक वर्मा ,कनिष्क गौतम ,आशीष उपाध्याय ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाएं दी है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग जबलपुर म.प्र.**

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 E-mail : eepwdelecjbp@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक- 36/व.ले.लि./2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक-10/12/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2025_PWDRB_465950_1 | बालाघाट जिले के अंतर्गत पुरानी आई.टी.आई. कॉलेज के (भूतल एवं प्रथमतल) में विद्युतीकरण एवं मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 16.66 | 33,320/- | 2000/- | दो माह | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु। |
| 2. | 2025_PWDRB_465952_1 | बालाघाट जिले के अंतर्गत (भाग-1) आई.टी.आई कॉलेज के वर्कशॉप में विद्युतीकरण एवं मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 16.93 | 33,860/- | 2000/- | दो माह | |
| 3. | 2025_PWDRB_465953_1 | बालाघाट जिले के अंतर्गत (भाग-2) आई.टी.आई कॉलेज के वर्कशॉप में विद्युतीकरण एवं मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 12.55 | 25,100/- | 2000/- | दो माह | |
| 4. | 2025_PWDRB_465954_1 | जबलपुर जिले के एम.एम.व्ही. सेक्शन के अंतर्गत माननीय न्यायाधीशों के बंगलो एवं अन्य व्ही.,आई.पी. बंगलो में विद्युतीकरण का कार्य। | प्रथम | 19.65 | 39,300/- | 2000/- | 31/03/2026 तक | |

टीपः-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 31/12/2025 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग जबलपुर

जी-23391/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**प्रथम निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Tender ID 2025_UAD_469951_1<br>Pro-714 Date- 26/12/2025 | स्वामी विवेकानंद वार्ड में हरिशंकर उपाध्याय से चंद्रभान दुबे तक सीसी सड़क निर्माण कार्य। (CM MONITA+) | 03 माह 5.92 लाख | 2000 5924 | 27/01/2026 |
| 2. | Tender ID 2025_UAD_469951_2<br>Pro-714 Date- 26/12/2025 | स्वामी विवेकानंद वार्ड अंतर्गत प्रभात कॉलानी में राधे मेडिकल से राकेश जैन तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य। (CM MONITA+) | 03 माह 5.97 लाख | 2000 5970 | 27/01/2026 |
| 3. | Tender ID 2025_UAD_469951_3<br>Pro-714 Date- 26/12/2025 | स्वामी विवेकानंद वार्ड अंतर्गत रामेश्वर कॉलोनी गली नंबर 02 सचिन खरे से सुशील उपाध्याय जी के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (CM MONITA+) | 03 माह 7.67 लाख | 2000 7670 | 27/01/2026 |
| 4. | Tender ID 2025_UAD_469951_4<br>Pro-714 Date- 26/12/2025 | स्वामी विवेकानंद वार्ड अंतर्गत प्रभात कॉलानी में राधे मेडिकल से राकेश जैन तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (CM MONITA+) | 03 माह 8.39 लाख | 2000 8394 | 27/01/2026 |
| 5. | Tender ID 2025_UAD_469951_5<br>Pro-714 Date- 26/12/2025 | स्वामी विवेकानंद वार्ड में साकेत नगर एच.पी. पेट्रोल पंप से श्री बी.आर. गुप्ता जी के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह 10.17 लाख | 2000 7631 | 27/01/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**

ज्ञाप क्र.11/ /सा-2/2025-26/ **निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)** दिनांक 22/12/2025

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है।


| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 10/सा./मु.अ./ 2025-2025 दिनांक 22/12/2025 (प्रथम आमंत्रण) | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभाग क्र. 2 मंडला अन्तर्गत पौंडी महाराजपुर स्थित कालोनी में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण एवं कालोनी कैंपस में स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य। | रू.47.82 लाख (रू.सैतालीस लाख बयासी हजार मात्र) (एम.पी.डब्ल्यू.डी.एस. ओ.आर. 01/01/2024 पर लागू) | रू.50000/- (रू.पचास हजार रूपये मात्र) | रू. 5000/- (रू.पांच हजार रूपये मात्र) | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 11/सा./मु.अ./ 2025-2025 दिनांक 22/12/2025 (प्रथम आमंत्रण) | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभाग क्र. 2 मंडला अन्तर्गत मंडल कार्यालय पौंडी महाराजपुर मंडला में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण एवं मंडल कार्यालय कैंपस में स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य। | रू.61.43 लाख (रू.इकसठ लाख तैतालीस हजार मात्र) (एम.पी.डब्ल्यू.डी.एस. ओ.आर. 01/01/2024 पर लागू) | रू.62000/- (रू.बासठ हजार रूपये मात्र) | रू. 10000/- (रू.दस हजार रूपये मात्र) | 6 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय- दिनांक 09/01/2026 17:30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता,
रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

जी-23386/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता






**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**

**कार्पोरेट कार्यालय-** मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्ला सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ई-मेल- hfquery@motilaloaswal.com.
CIN: Number: U65923MH2013PLC248741

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति/यों के लिए)**

**(सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के अंतर्गत)**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए आह्वान करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया है. निम्नलिखित उधारकर्ताओं द्वारा राशि वापस न किए जाने के कारण, निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ नीचे उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्तियों पर कब्जा ले लिया है.

| क्र. | ऋण अनुबंध संख्या/उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस तिथि और कुल बकाया | कब्जे लेने की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति के सभी भाग जिसमें शामिल है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LXJAB00316-170038960<br>उधारकर्ता: संजय कृष्ण श्रीवास्तव<br>सह-उधारकर्ता- संगीता संजय | 25-09-2025 / के लिए रु.854810/- | 22-12-2025 | मौजा पुरवा बी नं.- 162, पी.एच. नं.- 28/33, नया - 07, आर.एन.एम. जेबीपी -1, पी/ओ ख नं - 5/2 एवं 2/1, महाराणा प्रताप वार्ड, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482001 |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो कि ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा. उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है.

स्थान: मध्य प्रदेश
दिनांक: 27.12.2025

अनुवाद में त्रुटियां/विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा.

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड